Date 12/02/2021

Sub-IT

Day = Saturday

इकाई - 1

संचार कौशल (communication skills)

Que1 संचार कौशल किसे कहते है। और यह कितने प्रकार के होते है?

Ans1 संचार कौशल वे कौशल होते है जिन्हे विधिवत रूप से बोलने और लिखने की आवश्यकता होती है। हर एक व्यक्ति को किसी भी स्थिती में सावधानीपूर्वक सुनने और लिखने तथा स्पष्ट रूप से बोलने की कला होनी चाहिए। इसलिए प्रभावी संचार के लिए अच्छी पठन कला लेखन वाक् कला और श्रवण कौशल अनिवार्य है। संचार शब्द लैटिन शब्द कम्युनिकेयर से लिया गया है जिसका अर्थ है सूचनाओं का आदान-प्रदान करना। यह दो प्रकार के होते है। ① मौखिक संचार ② और मौखिक संचार।

Que2 संचार के तत्व कौन-कौन से है और इन्हे प्रभावित करने वाले कारक कौन-कौन से है?

Ans2 संचार के तत्व: संचार सूचनाओं का दो तरफा आदान-प्रदान है। अर्थात् देना और प्राप्त करना किसी को बोलना अथवा लिखना उसे सूचना देने का उदाहरण है। किसी को पढ़ना अथवा सुनना सूचना प्राप्त करने का उदाहरण है।

(i) भाषा :- गलत शब्दो, अपरिचित भाषा के उपयोग और विवरण की कमी के मामले मे भाषा उस संदेश के संचार मे बाधक के रूप में काम कर सकती है जिसे कोई व्यक्ति संचार करना चाहता है।

(ii) दृश्य अनुभूति :- दृश्य अनुभूति मास्तिष्क की यह योग्यता जिसमें वह उन चीजो का अर्थ निकालता है जिन्हे हम अपनी आँखो से देखते है।

(iii) पूर्व अनुभव :- हमारे पिछले अनुभवो की यादे हमें संचार अथवा संचार की स्थल रन्य से सम्प्रेषित करने से रोकते है।

(iv) पूर्व धारणा :- पूर्व निर्धारित विचार जैसे कि यह सोचना कि "कक्षा में मुझे कोई पसंद नही करता" यह धारणा किसी भी छात्र को कक्षा में सार्वजनिक रन्य से संचार करने से रोक सकती है।

(v) भावनाएं :- हमारी भावनाएं और भाव जैसे कि रन्चे कि कमी अथवा अन्य लोगों पर भरोसा न करना संचार को प्रभावित करते है।

(vi) पर्यावरण :- आस-पास शोर अथवा उपद्रव होने से संचार मुश्किल बन सकता है।

(vii) व्यक्तिगत कारक :- व्यक्तिगत कारको में आपकी अपनी भावनाएं, आदते और सोचने के तरीके शामिल किए जाते है।

(viii) संस्कृति :- संकेत जिनके अलग-अलग संस्कृतियों में

अलग - अलग अर्थ होते है जैसे कि कुछ लोगो के लिए अंगूठा दिखाने का अर्थ है बढ़िया काम परंतु कुछ लोगो के लिए यह अपमानजनक हो सकता है।

Ques3 प्रभावी संचार किसे कहते है। प्रभावी संचार के 7 सी लिखिए ?

Ans प्रभावी संचार तभी संभव है जब हम व्यवहारिक संचार कौशलो के मूलभूत सिद्धांतों का अनुपालन करेंगे। इन्हे 7 सी अर्थात स्पष्ट, संक्षिप्त यथार्थपूर्ण ठीक सुसंगत पूर्ण और शिष्ट के रूप में संक्षिप्त में बताया जा सकता है।

(i) **स्पष्ट संचार** :- आप जो कहना चाहते है उसके बारे में स्पष्ट रहे।

(ii) **संक्षिप्त संचार** :- संक्षिप्त शब्दो का उपयोग करे केवल वही कहे जो आवश्यक है।

(iii) **यथार्थपूर्ण संचार** :- यथार्थपूर्ण शब्दो और वाक्यांशों का उपयोग करे।

(iv) **ठीक संचार** :- सही वर्तनी और भाषा का उपयोग करे।

(v) **सुसंगत संचार** :- आपके शब्दो का अर्थ होना चाहिए और मुख्य विषय से संबंधित होना चाहिए।

(vi) पूर्ण संचार :- आपके संदेश में सभी आवश्यक जानकारी होनी चाहिए।

(vii) शिष्ट संचार :- सम्मानजनक मिन्नतन और ईमानदार रहे।

Ques 304 मौखिक संचार किसे कहते है?

मौखिक संचार शब्दो का उपयोग करके जानकारी साझा करना है यह वही तरीका है जो ज्यादातर लोग संचार की एक विधि के रूप में उपयोग करते है मौखिक संचार महत्वपूर्ण है क्योंकि आप सही शब्दो का उपयोग नही करते है तो आप भ्रम पैदा करेंगे और आप जो चाहते है वह संवाद नही कर पाएगे और उसे हम मौखिक संचार कहते है।

Ques 305 ① मौखिक संचार के प्रकार उदाहरण सहित लिखिए?

मौखिक संचार का प्रकार :- संचार जिसमें बात करना शामिल है।

उदाहरण :- आमने-सामने की बातचीत : जब आप सुनने वाले को देख सकते है उदाहरण के लिए समूह चर्चा घर परिवार के सदस्य से बात करना, बोलने के माध्यम से लोगो से बातचीत आदि।

② लिखित संचार :- संचार जिसमें लिखित या टाइप किए गए

शब्द शामिल होते है।

उदाहरण :- पत्र, नोट्स, ईमेल आदि लिखना।

Que 6
Q06

मौखिक संचार के लाभ और नुकसान क्या है?

मौखिक संचार के लाभ :- मौखिक संचार सरल और शीघ्र होता है। आप जो कहना चाहते है वह कह सकते है और शीघ्रता से जवाब प्राप्त कर सकते है। जब आप विचारो का आदान-प्रदान करना चाहते है तब यह संचार का सरलतम स्वरूप होता है। आप अन्य व्यक्ति के जवाबो के अनुसार अपना संचार बदलते रहते है।

मौखिक संचार के नुकसान :- मौखिक संचार का सबसे अधिक सामान्य नुकसान है सूचना भेजने और प्राप्त करने वाले के बीच सांस्कृतिक अंतर। अलग अलग भाषाओ के उपयोग, दूसरे व्यक्ति द्वारा उपयोग किए गए बोल-चाल के वाक्यांशो और उच्चारण को न समझ पाने के कारण ये अंतर हो सकता है। चूंकि मौखिक संचार शब्दो पर निर्भर करता है, कभी-कभी अर्थ समझने में भ्रम हो जाते है और यह समझना मुश्किल हो जाता है कि क्या सही शब्दो का उपयोग नही किया गया है।

Que 7
Q07

सार्वजनिक रूप से बोलने की पी लिखिए?

लोगो के बड़े समूहो के सम्मुख बोलने पर अधिकांश लोग घबराहट का अनुभव करते है। अपने डर से छुटकारा

पाने के लिए अन्य भी (तैयार करना, भाग लेना, प्रदर्शन करना)

(i) तैयारी Preparation :- अपने विषय के बारे में विचार करें। यह विचार करें कि आपके श्रोता इन विषय के बारे में जानना चाहते हैं। उस उत्कृष्ट तरीके के बारे में विचार करें। जिससे आप अपने श्रोताओं को अपना विषय समझा सके। ये लिखे कि आप क्या कहने की योजना बना रहे हैं।

(ii) अभ्यास Practice :- पहले खुद से अभ्यास करें, शीशे के सामने अभ्यास करें, अपने परिवार और मित्र के सामने अभ्यास करें। और उनसे पूछे कि वो क्या सोचते हैं। स्पष्ट रूप से और ऊँची आवाज में और सही गति (न बहुत तेज से और न ही बहुत धीमा) से बोले।

(iii) प्रदर्शन Performance :- गहरी सांस ले यदि आप बेचैनी महसूस कर रहे हैं, आपने क्या तैयार किया है उसके बारे में विचार करें और आत्मविश्वास के साथ बोलना आरंभ करें।

Ques गैर मौखिक संचार किसे कहते हैं? और इसका महत्व क्या है?

Sol गैर मौखिक संचार वह संदेश है जो हम बिना किसी शब्द का उपयोग किए दूसरो को भेजते हैं हम भाव, हाव भाव और शारीरिक मुद्राओं के माध्यम से दूसरो को संकेत और संदेश भेजते हैं।

गैर मौखिक संचार :-

① पैरा - भाषा (Para language)
② अभिव्यक्ति (Expressions)
③ मुद्रा (Posture)
④ आँख से सम्पर्क (Eye contact)
⑤ गैर मौखिक (Non verbal)
⑥ संकेत (Gestures)
⑦ स्पर्श (Touch)
⑧ जगह (Space)

गैर मौखिक संचार का महत्व :- हमारे दिन प्रतिदिन के संचार में यह देखा जाता है कि अधिकांश संचार शरीर की गतिविधियों (चेहरे, हाथ, गति आदि) और आवाज नियंत्रण (आवाज, टोन, ठहराव, आदि) का उपयोग करके किया जाता है।

Que 9 गैर मौखिक संचार के प्रकार कौन-कौन से है लिखिए
Ans गैर मौखिक संचार के प्रकार निम्नलिखित है:-

(i) हाथ का मूवमेंट :- हाथ उठाकर अभिवादन करना अपनी अंगुली को गुस्से में संकेत करना।

(ii) भाव :- खुशी दिखाने के लिए मुस्कुराना परेशान होने पर उदास चेहरा बनाना।

(iii) चेहरे की अभिव्यक्ति :- चेहरे की मुद्रा कई बार व्यक्ति की भावनाओं को दर्शाती है। उदाहरण के लिए जब हम खुश होते हैं तो हम इसे मुस्कुरा कर प्रदर्शित करते हैं और ज हम दुखी होते हैं तो इसे उदास होकर प्रदर्शित करते हैं।

(iv) शारीरिक मुद्रा :- मुद्राएं शरीर की स्थितियां होती हैं। जो हमारे आत्मविश्वास और भावनाओं को व्यक्त करती हैं उदाहरण के लिए, सीधी शारीरिक मुद्रा आत्मविश्वास को दर्शाती है। सिर को पकड़ना आपकी थकान को दर्शाता है।

(v) हाव-भाव अथवा शारीरिक भाषा :- हाव-भाव या शारीरिक भाषा के संकेत शरीर के अंग विशेष रूप से हाथ अथ सिर किसी विचार अथवा मतलब को दर्शाने के लिए उपयोग किए जाते हैं बोलते समय इसमें हमारे हाथों का हिलाना करना आदि शामिल किया जाता है। उदाहरण के लिए एक हाथ उठाने का मतलब है प्रश्न पूछना नाखून काटना घबराहट को दर्शाता है।

(vi) स्पर्श :- हम अपने स्पर्श के माध्यम से बहुत अधिक संचार करते हैं, जैसे कि हाथ मिलाना और पीठ थपथ ना उदाहरण के लिए मजबूती से हाथ मिलाना आत्मविश्व को दर्शाता है। खिलाड़ियों को उत्साहित करने के लिए खेल कोच खिलाड़ियों की पीठ थपथपाते हैं।

(vii) शारीरिक दूरी :- संचार करते समय दो लोगों के बीच

शारीरिक दूरी आत्मीयता अथवा निकटता को दर्शाता है।

(viii) **आँखो से संपर्क :-** आप जिस व्यक्ति से बात कर रहे है उससे आँखो से संपर्क बनाए रखना रुचि को दर्शाता है जबकि इधर-उधर देखने से दूसरा व्यक्ति उपेक्षित अनुभव कर सकता है।

(ix) **पैरा भाषा :-** पैरा भाषा हमारी आवाज का वह लहजा गति और मात्रा है जो संचार के अर्थ में अंतर स्पष्ट करता है बहुत अति गति से बोलना अति उत्साह अथवा घबराहट को दर्शाता है। बहुत अधिक धीमी गति से बोलना गंभीरता, उदासी या किसी खास बिंदु को दर्शाता है।

Que10 दृश्य संचार किसे कहते है उदाहरण सहित लिखिए ?

उ०10 दृश्य संचार जिसमे संदेश भेजने और समझने के लिए केवल प्रतिबिंबो अथवा चित्रो का उपयोग किया जाता है इस प्रकार के संचार का मुख्य लाभ यह है कि इसे समझने के लिए आपको किसी विशेष भाषा की आवश्यकता नही होती है। यह समझने में सरल और आसान होती है और हर जगह एक जैसी ही रहती है।

उदाहरण :- ट्रैफिक सिग्नल ट्रैफिक लाइट्स इत्यादि।

Q.11 आईसीटी उपकरण क्या है किसी एक की समझाइए ?

उ०11 स्मार्टफोन और टैबलेट्स अधिक से अधिक महत्वपूर्ण

बेते जा रहे हैं चूंकि अधिकांश लोग इन्हे साथ लेकर चलते हैं और ई-मेल एवं संदेश भेजने, फोटो आदि का आदान प्रदान करने जैसी दैनिक गतिविधियों में इनका उपयोग करते इनके बिना अधिकांश लोग अन्य लोगो के साथ कार्य नही कर सकते।

मोबाइल डिवाइस लेआउट :- मोबाइल डिवाइस पर आपके द्वारा देखे जाने वाले कुछ बुनियादी नियंत्रण इस प्रकार हैं।

(i) पावर बटन :- इसका उपयोग मोबाइल डिवाइस को शुरू करने और बंद करने के लिए किया जाता है।

(ii) स्क्रीन :- एक स्क्रीन जिस पर हम अपनी अंगुलियो से स्पर्श करके कार्य करते हैं।

(iii) बैक बटन :- आप किसी एप्लीकेशन में पिछली स्क्रीन पर वापस जाने के लिए बैक बटन का उपयोग करते हैं।

(iv) माइक्रोफोन :- यह मोबाइल के नीचे मौजूद होता है और जब हम किसी से बात करते हैं तो माइक्रोफोन में बोलते हैं।

(v) मीनू बटन :- इसका उपयोग किसी विशेष ऐप में उपलब्ध विकल्पो को दिखाने के लिए किया जाता है यह सभी मोबाइल डिवाइस में मौजूद नही हो सकता है।

(vi) होम बटन :- यह आपको होम स्क्रीन पर वापस लाता है जहा से आप अपने मोबाइल मे है चाहे आप किसी अन्य पेज पर हो या एप का उपयोग कर रहे हो।

(vii) इयरपीस :- यह आपको वॉयस कॉल सुनने में मदद करता है।

(viii) वॉल्यूम बटन :- यह आपको अपने मोबाइल की आवाज को बढ़ाने या कम करने मे मदद करता है।

Que.12 इनपुट डिवाइस क्या है किन्ही तीन इनपुट डिवाइस के नाम लिखे ?

Sol2 इनपुट डिवाइस वे डिवाइस होती है जो यह कम्प्यूटर से सीधे तौर पर जुड़ी होती है इनके बिना कम्प्यूटर में कार्य करना आसान नही होता है इनपुट डिवाइस इस प्रकार है।

1. Key board
2. mouse
3. monitor
4. c.p.u
5. microphone.

Que.13 आउटपुट डिवाइस क्या है किन्ही तीन आउटपुट डिवाइस के नाम लिखे ?

Sol13 आउटपुट डिवाइस वे डिवाइस होती है जो कम्प्यूटर से सीधे तौर पर नही जुड़ी होती है इनके बिना कम्प्यूटर में कार्य करना आसान होता है। आउटपुट डिवाइस इस प्रकार है।

① Speaker
② Skaner Scanner
③ Printer
④ Protector.
⑤

Que.14 C.P.U क्या है इसमें कौन-कौन से भाग होते है?
3014 C.P.U का पूरा नाम Central Processing Unit होता है। यह कम्प्यूटर में मास्तिष्क की तरह कार्य करता है यह कोई भी गणितीय तार्किक समस्याओ को आसानी से हल कर सकता है।

(i) कंट्रोल यूनिट :- यह कम्पनी के रिसीवर और प्रबंधक की तरह से कार्य करता है यह प्रयोकता से इनपुट प्राप्त करता है और अपेक्षित कारवाई करने के लिए विभिन्न भागो को नियंत्रित करता है।

(ii) प्रोसेसिंग यूनिट :- यह कम्पनी के अकाउंटेंट की तरह से काम करती है और सभी गणितीय और तार्किक गणना करती है।

(iii) मेमोरी यूनिट :- यह कम्पनी से स्टोरेज रूम की तरह से कार्य करती है जहां अस्थाई (रैम) के साथ-साथ दीर्घ अवधि (रोम) के लिए डेरा स्टोर होता है।

Que.15 Ram और Rom को समझाइए ?

Ans Ram का पूरा नाम Random Access memory होता है। यह कम्प्यूटर में अस्थाई मेमोरी होती है। इसमें कोई भी डेटा अस्थाई रूप में स्टोर होता है। कम्प्यूटर बंद होने पर इसका डेटा समाप्त हो जाता है।

Rom का पूरा नाम Read only memory होता है यह कम्प्यूटर में स्थाई मेमोरी होती है। इसमें कोई भी डेटा स्थाई रूप से स्टोर होता है कम्प्यूटर बंद होने पर इसका डेटा नही जाता है।

Que.16 Ram कितने प्रकार की होती है?

Ans Ram दो प्रकार की होती है।

① S·R·A·M :- Static Random access memory.
② D·R·A·M :- Dynamic Random access memory.

Que.17 Rom कितने प्रकार की होती है?

Ans Rom तीन प्रकार की होती है।

① Prom :- Programable read only memory
② EProm :- Erasable Programable read only memory.
③ EEProm :- Electrically erasable Programable read only memory.

Que.18 mother board को समझाइए ?

Ans mother board को हम मैन या system board भी

कहते है इसका उपयोग बहुत सी electronic युक्तियो मे भी किया जाता है ये कम्प्यूटर की रचना microprocessor में लगे component के द्वारा होती है इसमे main memory, motherboard storage, video, display और इ को नियन्त्रित करने के लिए कनेक्टर द्वारा motherboard जुड़ी होती है यह सभी को आपस मे विद्युत सर्पक भी उपलब्ध कराता है इसे हम motherboard कहते है।

Que-19 कम्प्यूटर में पोर्ट और कनेक्शन से आप क्या समझते है? किन्ही तीन पोर्ट के नाम लिखे?

Ans19 वे पोर्टस अथवा चैनल जिनमें हम माउस/की बोर्ड/वा हार्डडिस्क के तार लगाते है उन्हे पोर्ट्स कहा जाता है इस प्रकार से इनपुट आउटपुट और स्टोरेज डिवाइसेज को कम्प्यू से जोड़ने के लिए पोर्ट्स हमारी सहायता करते है कम्प्यू से बाह्य उपकरणों और नेटवर्क को जोड़ने के लिए आप इनका उपयोग कर सकते है। जो इस प्रकार है।

(i) यूएसबी पोर्ट :- यूनिवर्सल सीरियल बस जो केबल का उपयोग कर कम्प्यूटर को माउस अथवा की अथवा प्रिंटर जैसी बाह्य डिवाइसेज से जोड़ता है।

(ii) डिस्प्ले पोर्ट :- जो केबिल का उपयोग कर कम्प्यूटर मे मॉनीटर अथवा किसी अन्य डिस्प्ले यूनिट से जोड़ता है आवश्यकता के अधार पर ये कई प्रकार के

के हो सकते है जैसे वीडियो ग्राफिक्स ऐरे (वीजीए) और हाई डेफिनेशन मल्टीमीडिया इंटरफेस (एचडीएमआई)।

(iii) ऑडियो पोर्ट्स :- कम्प्यूटर से माइक्रोफोन स्पीकर और हैडफो जोड़ने के लिए उपयोग किए जाते है। प्राय: स्पीकर और हैडफोन पोर्ट को लाइन आउट पोर्ट कहा जाता है जिनका मतलब है साउंड आउटपुट।

(iv) पावर पोर्ट :- कम्प्यूटर प्रणाली में विद्युत सप्लाई से जोड़ने के लिए उपयोग किया जाता है।

(v) ईथरनेट :- यह ईटरनेट की कनेक्टिविटी प्रदान करता है।

Que.20 कम्प्यूटर कितने भागो से मिलकर बना होता है? समझाइ
2020 कम्प्यूटर दो भागो से मिलकर बना होता है।

① hardware ② Software

(i) Hard ware :- हार्डवेयर मतलब कम्प्यूटर के भौतिक भाग जिसमें सभी इनपुट आउटपुट युक्ती भण्डारण युक्ती शामिल होती है जैसे। keyboard, mouse, monitor, Printer e.t.c

(ii) Software :- सॉफ्टवेयर का मतलब जिसे हम आसानी से छू नही सकते सिर्फ देख सकते है

Answers 15/02/21 good

इसका उपयोग कम्प्यूटर कार्य करने के लिए किया जाता है यह कम्प्यूटर का महत्वपूर्ण भाग होता है। जैसे Operating System (O.S)

Que.21 Operating System computer के लिए किस प्रकार कार्य करता है?

Ans.21 यह सॉफ्टवेयर का सबसे जरूरी भाग होता है यह कम्प्यूटर के संचालन को नियंत्रित करता है यह विशेष प्रोग्राम का एक संगठित कलेक्शन होता है जो कम्प्यूटर एप्लीकेशन को चलाने में मदद करता है कुछ Operating System इस प्रकार है।

1. Window
2. Linux
3. Android.
4.

Que.22 कम्प्यूटर को स्टार्ट और शट डाउन कैसे करे?

(i) कम्प्यूटर को स्टार्ट करना :- कम्प्यूटर स्टार्ट करने के लिए सीपीयू पर स्टार्ट बटन दबाएं इससे विंडो ऑपरेटिंग सिस्टम स्टार्ट हो जाएगा और मॉनीटर पर विंडोज डेस्कटॉप प्रदर्शित होगा।

(ii) कम्प्यूटर शट डाउन करना :- ऊपरी बायी ओर "सिस्टम" पर क्लिक करके और इसके बाद शट डाउन पर क्लिक कर आप यूबुन्टू में कम्प्यूटर को शट डाउन कर सकते है। जब आप शट डाउन बटन पर क्लिक करते है ऑपरेटिंग सिस्टम सभी

एप्लीकेशनो को बंद कर देगा और कम्प्यूटर बंद हो जाएगा।

Que.23 एक कीबोर्ड और उनके संबंधित कार्यों पर विभिन्न 'की' (keys) की पहचान करना ?

Sol23 कीबोर्ड एक इनपुट डिवाइस है जिसे कम्प्यूटर में टेक्स्ट संख्याएं और कमांड देने के लिए उपयोग किया जाता है।

(i) फंक्शन कीज :- एफ से एफ लेवल लगी कीज को फंक्शन की कहा जाता है आप इन्हे विशिष्ट फंक्शनो के लिए उपयोग करते है।

(ii) कंट्रोल कीज :- कुछ कीज जैसे कि कंट्रोल (CTLR) शिफ्ट स्पेसबार ऑल्ट (Alt) कैप्स लॉक (caps lock) और टैब (Tab) विशिष्ट कंट्रोल कीज है जो कब और कहा पर उपयोग की जाती है। उसके आधार पर विशेष क्रिया करती है।

(iii) एंटर की :- आप जो कम्प्यूटर उपयोग कर रहे है उसके ब्रांड के आधार पर इस की पर एंटर (Enter) अथवा रिटर्न (Return) को लेबल लगा हो सकता है आप रिटर्न की का उपयोग कर्सर को नई लाईन के आरंभ में लाने के लिए करते है। कुछ प्रोग्रामो में इसका उपयोग कमाण्ड भेजने और कम्प्यूटर पर कोई टास्क सुनिश्चित करने के लिए आप इसका उपयोग करते है।

(iv) पंक्चुएशन कीज :- इसमें पंक्चुएशन मार्क्स की कीज जैसे कि कोलन (:) सेमीकॉलन (;), क्वेश्चन मार्क (?) सिंगल कोटेशन मार्क (') और डबल कोटेशन मार्क (" ") उपलब्ध।

(v) नेविगेशन कीज :- कीज जैसे कि ऐरो कीज (Arrow keys) होम (Home), एंड (End), पेज अप (Page up) और पेज डाउन (Page Down) नेविगेशन कीज है किसी डॉक्यूमेन्ट को ऊपर या नीचे बाएं और दाएं ले जाने के लिए इनका उपयोग किया जाता है होम (Home) और एंड (End) कीज को टेक्सट की लाइन के अंत में कर्सर को बाएं / दाएं ले जाने के लिए उपयोग किया जाता है। पेज अप (Page up) और पेज डाउन (Page Down) कीज नीचे जाने के लिए उपयोग की जाती है।

(vi) कमांड कीज :- कीज जैसे कि इंसर्ट (insert), (ins) डिलीट (Delet) (Del) और बैकस्पेस (Back space) कमांड कीज है। इंसर्ट की जब ऑन की जाती है, यह कर्सर के दाई और कैरेक्टर लिखने में सहायता करती है।

(vii) विंडोज की :- यह की दबाने पर स्टार्ट मीनू खुलता है।

Que.24 2024 एक माउस का उपयोग करना ?
एक माउस एक छोटी सी डिवाइस है जिसे आप अपनी कम्प्यूटर स्क्रीन पर चीजों को इधर-उधर ले जाने, सिलेक्ट करने और खोलने के लिए उपयोग कर सकते है।

Que.25 2025 कम्प्यूटर फाइलो और ~~फोल्डरो~~ फोल्डरो के ज्ञान को प्रदर्शित करना ?
कम्प्यूटर में स्टोर की गई सभी सूचना फाइलो में रखी जाती है। अलग-अलग प्रकार की फाइलो में अलग-

अलग प्रकार की सूचना होती है। प्रत्येक फाइल को एक फाइल नाम दिया जाता है और फाइल ने एक्सटेंशन होता है जो फाइलो के प्रकार को दर्शाता है। (फाइल का नाम और फाइल नेम एक्सटेंशन को पीरियड अथवा डॉट का उपयोग कर अलग किया जा सकता है।) उदाहरण के लिए एक डॉक्यूमेंट उदाहरण नेहा नाम से नोटपैड (NotePad) साधारण टैक्सट फाइले बनाने का प्रकार का कम्प्यूटर एप्लीकेशन का उपयोग कर बनाई जाती है तो इसका एक्सटेंशन .txt होगा। इसके अन्य प्रकार भी है जैसे .doc, .xps आदि। इमेज फाइल की एक्सटेंशन सामान्यतया .mkv होता है। एक फोल्डर वह स्थान होता है जहा पर कई फाईलो को एक साथ स्टोर किया जा सकता है।

शॉर्टकट का अध्ययन

CTRL +z undo	CTRL +c copy
CTRL +Y redo	Ctrl +V Paste
CTRL +a Select all	Ctrl +P Print
CTRL +X cut	CTRL +S Save

Que.26
3026

इंटरनेट क्या है। समझाइए ?

इंटरनेट विश्व भर के कम्प्यूटरों का एक विशाल नेटवर्क है। इंटरनेट का उपयोग का आप वर्ल्डवाइड वेब पर वेब पेज में स्टोर किसी भी सूचना को प्राप्त कर सकते है। अपने कम्प्यूटर इंटरनेट से जोड़ कर आप ये सब काम कर सकते है। इंटरनेट का उपयोग कर आप बहुत सी जानकारी प्राप्त कर

सकते है जो भी इस पर उपलब्ध है। यह जानकारी एक बड़ी लाइब्रेरी (स्टोर हाउस में स्टोर की जाती है जिसे कई वाइड वेब (www) अथवा वेब (web) कहा जाता है। यह विभिन्न वेबसाइट्स का संग्रह है आप इन्हे देख सकते है यदि आप इंटरनेट से जुड़े है। कुछ खरीदने मूवी देखने, पुस्तके पढ़ने नए कौशल सीखने खुद को शिक्षित करने आगे की पढ़ाई करने के लिए सबसे बढ़िया कॉलेज ढूंढने के लिए भी आप इन वेबसाइट्स का उपयोग कर सकते है।

Que.27 इंटरनेट के उपयोग पर एक संक्षेप नोट लिखे ?

Ans.27 (i) सूचना खोजना :- आप किसी के भी बारे ऐसी कोई भी अद्यतन सूचना खोज सकते है जो वेब पर अपलोड की गई फिर चाहे यह रिजल्ट हो किसी भूकंप क्रिकेट मैच अथवा चुनाव विवरण की कोई खबर हो।

(ii) मनोरंजन :- आप संगीत सुन सकते है, गेम खेल सकते है मूवी देख सकते है और फोटो. शेयर कर सकते है।

(iii) ई-मेल और चैटिंग :- आप शीघ्रता और सरलता से विश्वभर के लोगो से बात कर सकते है अथवा संदेश भेज सकते है आप जिन संदेशो को इंटरनेट के माध्यम से भेजते है वे कुछ सेकेंड्स में ही विश्व के किसी भी भाग में पहुंच सकते है। उदाहरण के लिए जी-मेल और आउटलुक।

(iv) सोशल नेटवर्किंग :- आप विश्व भर में अपने परिवार और

मित्रों से अपनी रुचियों, ज्ञान और वृत्तांत साझा कर सकते हो उदाहरण के लिए फेसबुक और ट्विटर।

(v) खरीदारी :- आपर इंटरनेट पर उत्पादों जैसे पुस्तकों इलेक्ट्रोनिक सामान को खरीद और बेच सकते हैं। आप डिजिटल भुगतान विधियों जैसे वॉलेट्स ई-बैंकिंग के माध्यम से प्लास्टिक कार्ड से इनका भुगतान कर सकते हैं।

(vi) ऑनलाइन बुकिंग :- आप मूवी टिकट होटल बस ट्रेन प्लेन आदि की टिकटें ऑनलाइन बुक कर सकते हैं।

(vii) ऑनलाइन लर्निंग :- अनेक ऑनलाइन कोर्स उपलब्ध हैं, कुछ फ्री हैं तो कुछ के लिए फीस लगती है आप उस विषय पर कोर्स कर सकते हैं अथवा जिसके बारे में आप और अधिक जानना चाहते हैं।

(viii) ऑनलाइन बैंकिंग :- आप मोबाइल बैंकिंग / एनईएफटी / आरटीजीएस के माध्यम से बैंकिंग से संबंधित कार्य जैसे कि अपने बैंक अकाउंट का विवरण चैक कर सकते हैं अथवा एक खाते से दूसरे खाते में पैसा स्थानांतरित कर सकते हैं।

Que-20 बैंडविड्थ क्या है। समझाइए ?

Ans बैंडविड्थ डेटा की मात्रा है जिसे एक निश्चित समय में एक नेटवर्क पर प्रेषित किया जा सकता है। बैंडविड्थ को समझने के लिए हम एक पाइप का उदाहरण लेते हैं आपका नेटवर्क कितना डेटा प्राप्त

Date 22/02/2021

Sub- I.T

Day= monday

Date
Page

या भेज सकता है इसकी बैंडविड्थ पर निर्भर करता है। डिजि. डिवाइस के मामले में बैंडविड्थ आम तौर पर बिट्स प्रति सेकंड (बीपीएस) या बाइट्स प्रति सेकंड और एनालॉग डिवाइस के मामले में बैंडविड्थ प्रति सेकंड या हर्ट्ज (Hz) में व्यक्त की जाती है।

केबीपीएस (किलो बाइट्स प्रति सेकंड) 1000 बाइट्स प्रति सेकंड
एमबीपीएस (मेगा बाइट्स प्रति सेकंड) 1000 किलो बाइट्स प्रति से
जीबीपीएस (गीगा बाइट्स प्रति सेकंड) 1,000 मेगा बाइट्स प्रति से

Que.29 इंटरनेट ब्राउजर से आप क्या समझते है?
Q29 विभिन्न वेबसाइटों पर जानकारी देखने के लिए आपको इंटर्न ब्राउजर की आवश्यकता है। इंटरनेट ब्राउजर आपके कंप्यूटर या लैपटॉप पर एक एप्लीकेशन या एक सॉफ्टवेयर प्रोग्राम है जो आपको विभिन्न वेबसाइटों पर जाने में मदद करता है। ब्राउजर के कुछ उदाहरण गूगल क्रोम, मोजिला फायरफॉक्स और इंटरनेट एक्सप्लोरर है।

Que.30 वेब ब्राउजर क्या है इसके उपयोग को समझाइए?
Q.30 एक वेब ब्राउजर वर्ल्ड वाइड वेब पर जानकारी का उपयोग करने और साझा करने के लिए एक सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन है।

Q.31 किन्ही तीन वेब ब्राउजर के नाम लिखिए?
(i) गूगल क्रोम (ii) इंटरनेट एक्सप्लोरर (iii) एप्पल सफारी

Que·32 WWW से आप क्या समझते हैं?

30·32 WWW का पूरा नाम world wide web होता है। यह जानकारी का एक विशाल संग्रह है जो हाइपरटेक्स्ट फाइलों का एक विशाल नेटवर्क होता है जो दुनिया भर के कम्प्यूटर पर जमा की गई जानकारी को कम्प्यूटर प्रयोक्ता को प्रदान करता है जिसके माध्यम से प्रयोक्ता जानकारी का उपयोग और उसे साझा कर सकता है।

Que·33 ईमेल क्या है। किन्हीं तीन सेवा प्रदाता के नाम लिखें?

30·33 इलेक्ट्रॉनिक मेल अथवा ई-मेल इंटरनेट का उपयोग कर लोगों को संदेश भेजने की सबसे तेज विधि है। इलेक्ट्रॉनिक मेल एक संदेश है जो इंटरनेट के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को भेजा जाता है। इसमें टेक्स्ट लाइनों और चित्र होते हैं।

(i) Google.com
(ii) Yahoo.com
(iii) Outlook.com.

Que·34 पोस्टल मेल और इलेक्ट्रॉनिक मेल के बीच अंतर।

30·34

पोस्टल मेल	इलेक्ट्रॉनिक मेल
(i) पोस्टल मेल एड्रेस एक भौगोलिक स्थान की एक सड़क शहर आदि है।	(ii) ई-मेल एड्रेस एक मेल कंप्यूटर पर एक डिजिटल स्थान है जहां आप इलेक्ट्रॉनिक संदेश भेज या प्राप्त कर सकते हैं।

(ii) पोस्टल मेल को कागज और पेन से लिखा जाता है।	(ii) कंप्यूटर या मोबाइल डिवाइस पर एक ई- मेल लिखा जाता है।
(iii) पोस्टल मेल बस हवाई जहाज ट्रेन द्वारा भेजा जाता है।	(iii) ई-मेल एक इंटरनेट कनेक्शन पर एक डिजिटल माध्यम में यात्रा करता है।
(iv) पोस्टल मेल डाकिया द्वारा लाया जाता है।	(iv) ई-मेल प्राप्तकर्ता के ई-मेल खाते के इनबॉक्स में आता है।

Que.35
30.35 ई-मेल खाते के लाभों को सूचीबद्ध करें।
अटैचमेंट के साथ ई-मेल एक साथ कई लोगों को भेजे जा सकते। ये बहुत तेजी से काम करते है, क्योंकि ये विश्व भर में किसी के भी पास तत्काल पहुंच सकते है ये निः शुल्क होते है. चूंकि अधिकांश सेवाओं के लिए पैसे नही लिए जाते और यह पर्यावरण के अनुकूल होते है क्योंकि इसमें कागज का उपयोग नही किया जाता।

Que.36
30.36 उद्यमशीलता क्या है समझाइए ?
व्यापार एक आर्थिक गतिविधि है जो मनुष्य की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सतत और नियमित उत्पादन तथा माल और सेवाओं के वितरण से संबंधित है। व्यवसाय लाभ अर्जित करने वाली संस्थाओं या नॉन-प्रॉफिट संगठनों

Date 26/02/2024

Sub - I.T

Day = Friday

Date
Page

द्वारा किया जा सकता है। जोखिम लेने और आवश्यक उत्पाद और सेवाएं प्रदान करके अंतर को भरने के लिए तैयार है। ऐसे व्यक्ति उद्यमी होते है।

Que·37 उद्यमशीलता कौशल से आप क्या समझते है?
30·37 ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने और लाभ प्राप्त करने के लिए नई पद्धतियों का उपयोग कर व्यापार चलाना उद्यमशीलता है।

Que·38 एक सफल उद्यमी योग्यताए क्या-क्या है?
30·38 एक सफल उद्यमी कि योग्यताए निम्नलिखित है:-
(i) धैर्य ।
(ii) सकारात्मकता ।
(iii) कठिन परिश्रम कभी हार न मानना और दृढ़ता ।
(iv) आत्मविश्वास ।
(v) आजमाइश और गलती को स्वीकार करने के लिए तैयार ।
(vi) सृजनात्मकता और नवपरिवर्तन ।

Que·39 उद्यमशीलता की विशेषताएं कौन-कौन सी है?
30·39 (i) जोखिम उठाने की क्षमता ।
(ii) कड़ी मेहनत और अनुशासन में विश्वास करना ।
(iii) गुणवत्ता और ग्राहक संतुष्टि बढ़ाने के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अनुकूलनीय और लचीला ।
(iv) उत्पाद और सेवाओं का ज्ञान और बाजार में उनकी आवश्यकता या मांग ।

(v) वित्तीय साक्षरता और धन प्रबंधन कौशल।
(vi) प्रभावी योजना और निष्पादन।

Good
Attempt
01/09/21

Date 05/03/2021

Sub=Domestic Data entry operator

Day=Friday

इकाई=1

Que.1 आईटी और आईटीईएस शब्द से आप क्या समझते है?

30.1 सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) का अर्थ है सूचना का निर्माण प्रबंधन, भंडारण और आपान-प्रदान करना इसका उपयोग कम्प्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर तकनीक जिसका उपयोग सूचनाओं को बनाने संग्रहीत करने और स्थानांतरित करने के लिए किया जाता है। कम्प्यूटर इनपुट के रूप में डेटा लेता है इसे प्रोसेस करता है और आउटपुट के रूप में परिणाम उत्पन्न करता है सूचना प्रौद्योगिकी समर्थित सेवाएं (आईटीईएस) Information Technology enabled services जब कि सेवा की गुणवत्ता में सुधार करके व्यापार को सक्षम बनाने वाली सूचना प्रौद्योगिकी को सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाएँ (आईटीईएस) कहते है आईटीईएस को वेब-सक्षम सेवाएं या दूरस्थ में सुधार के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करती है ये सेवाएं सभी कार्यालयो में कैरियर विकल्पो की जिसमें कॉल सेंटर पेरोल लॉजिस्टिक्स प्रबंधन राजस्व दावा प्रसंस्करण मेडिकल बिलिंग कोडिंग मेडिकल ट्रांसक्रिप्शन कानूनी डेटाबेस बैक ऑफिस ऑपरेशन सामग्री विकास जीआईएस (भौगोलिक जानकारी प्रणाली) वेब सेवाएं और मानव संसाधन (मानव संसाधन) सेवाएं आदि जैसे कार्य के अवसर शामिल है।

Que.2 आईसीटी का उपयोग करने के फायदे और नुकसान क्या है?

30.2 आईसीटी का उपयोग करने के फायदे :-

(i) ई-लर्निंग क्लासरूम।
(ii) स्मार्ट-बोर्ड प्रेजेंटेशन।
(iii) प्रयोगो पर वीडियो।

(iv) इमेज और वीडियो का निर्माण।
(v) पत्रिकाओं पत्रों और दस्तावेजों की डेस्कटॉप पब्लिशिंग।

आईसीटी उपयोग करने के नुकसान :-
(i) मोबाइल।
(ii) टेबलेट।
(iii) लैपटॉप।
(iv) कम्प्यूटर।

Que 3 आईसीटी का उपयोग सुरक्षित रूप से सुनिश्चित करने के लिए किन सावधानियों की आवश्यकता है?

30.3 आईसीटी का उपयोग सुरक्षित रूप से सुनिश्चित करने के लिए हमें निम्न सावधानियों की आवश्यकता है।

(i) किसी भी आईटी उपकरण का उपयोग आवश्यकता अनुसार ही करना चाहिए।

(ii) अपनी सभी जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए पासवर्ड होना चाहिए।

(iii) उच्च गुणवत्ता वाले आईसीटी उपकरणों का उपयोग करना चाहिए।

Que 4 आईटी - बीपीएम उद्योग में चार मुख्य उप-क्षेत्र कौन से हैं

30.4 बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (बीपीओ) सेवाओं का अर्थ

है कि बाहरी सेवा प्रदाता के माध्यम से व्यापार का संचालन करना बीपीओ सेवाओं में से कुछ इस प्रकार है।

(i) वित्तीय और लेखा सेवाएं।
(ii) कराधान और बीमा सेवा।
(iii) ई-प्रकाशन और वेब संवर्धन।
(iv) कानूनी सेवाएं और सामग्री लेखन।
(v) मल्टीमीडिया और डिजाइन सेवाएं।

Ques No.5 शेजमर्श के जीवन में आईटी के उपयोग का उदाहरण दे?

हमारे दैनिक जीवन में हम वॉशिंग मशीन माइक्रोवेव ओवन और कई अन्य उत्पादों का उपयोग करते है जिनमे एम्बेडेड सॉफ्टवेयर होते है हम अपने महत्वपूर्ण काम अपॉइंटमेंट शेडयूल और संपर्की की सूची के बारे में सारी जानकारी कंप्यूटर में स्टोर कर सकते है इसलिए कम्प्यूटर हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और अब हम कम्प्यूटर के बिना दुनिया की कल्पना नही कर सकते।

Ques No.6 पुस्तकालयो में आईटी का उपयोग कैसे किया जाता है?

आजकल कई लाइब्रेरी कम्प्यूटरीकृत है। प्रत्येक पुस्तक मे एक बारकोड जुड़ा होता है इससे लाइब्रेरी के लिए पुस्तको का ट्रैक रखना और किसी विशिष्ट पुस्तक की उपलब्धता आसान हो जाती है कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर का उपयोग पुस्तक को जारी करने और वापस करने के लिए किया जाता है पुस्तकालय की प्रत्येक पुस्तक में एक चुंबकीय पट्टी लगी होती है जिसे पुस्तक देने से पहले निष्क्रिय deactivate कर दिया जाता है। borrow

Que.7 आईटी में उपयोग की जाने वाली शिक्षा की विभिन्न प्रक्रियाएं क्या है?

30.7 भारत में कोई भी छात्र एनसीईआरटी पुस्तक ऑनलाइन वेब साइट www.epathshala.nic.in या मोबाइल ऐप के माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

इसके अलावा किसी भी विषय पर शैक्षिक संसाधनो तक पहुंचने के लिए कई तरह की वेबसाइट और मोबाइल ऐप है

डब्ल्यूबीटी (वेब-आधारित प्रशिक्षण) का उपयोग करने के लिए आप इंटरनेट के माध्यम से एक अध्यापक या ट्रेनर से भी संपर्क कर सकते है इस तरह शिक्षा अब तक पहुंच से वंचित रहने वाले दूर दराज के क्षेत्रो तक पहुँच गई है।

Que.8 डिजिटल संचार में किस सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जाता है

30.8 एक लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम एलएमएस का उपयोग कई देशो द्वारा स्कूल प्रणालियों के प्रबंधन के लिए किया जा रहा है एक छात्र या शिक्षक एलएमएस का उपयोग करने के लिए अधिकारिक वेबसाइट पर अपना पंजीकरण कर सकते है और एलएमएस से कई सेवाएं प्राप्त कर सकते है छात्र एलएमएस का उपयोग करके लाभान्वित हो सकता है क्योकि इसका उपयोग किया जा सकता है।

(i) कभी भी और कही भी पाठ सीखे।

(ii) प्रश्नो को प्रस्तुत करे उत्तर प्राप्त करे और फोरम के माध्यम से

Date 05/03/2021

Sub - IT

Day = Friday

टिप्पणियां जमा करें।

(iii) वीडियो के माध्यम से सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भाग लें।

(iv) अपने बच्चों (माता-पिता द्वारा) की प्रगति की निगरानी करें।

Que.9 आईटी को व्यापार में किस उद्देश्य के लिए उपयोग किया जाता है?

Ans.9 कम्प्यूटर का उपयोग पेरोल गणना बजट बिक्री विश्लेषण वित्तीय पूर्वानुमान स्टॉक के प्रबंधन और रखरखाव के लिए व्यावसायिक संगठनों में किया जाता है ई-कॉमर्स नामक इंटरनेट के माध्यम से बहुत सारे व्यापार लेनदेन होते हैं आईटी विपणन ग्राहक खाता उत्पाद ब्राउजिंग शॉपिंग बास्केट चेकआउट कर और खरीदारी रसीद और प्रक्रिया आदेश Process Order की सुविधा मिलती है ई-कॉमर्स में मालसूची प्रबंधन लेनदेन प्रलेखन प्रस्तुतियों और उत्पाद जानकारी इकट्ठा करने से संबंधित सेवाएं प्रदान की जाती है।

Que.10 विज्ञान और इंजीनियरिंग में कौन से प्रमुख क्षेत्र हैं जहाँ आईटी का उपयोग किया जाता है?

Ans.10 वैज्ञानिक और इंजीनियर जटिल वैज्ञानिक गणना करने के लिए कम्प्यूटर का उपयोग करते हैं कम्प्यूटर एडेड डिजाइन (सीएडी) या कम्प्यूटर एडेड मैन्युफैक्चरिंग (सीएएम) एप्लीकेशन का उपयोग ड्राइंग डिजाइनिंग और डिजाइनों के अनुकरण और परीक्षण के लिए किया जाता है कम्प्यूटर का उपयोग बड़ी मात्रा में डेटा संग्रहीत करने जटिल गणना करने और 3-आयामी वस्तुओं को देखने के लिए किया जाता है। रॉकेट लॉन्चिंग अंतरिक्ष अन्वेषण

आदि जैसे जटिल वैज्ञानिक अनुप्रयोग कम्प्यूटर के बिना संभव नहीं है।

Que.11 एक बैंकिंग प्रणाली में आईटी के विभिन्न उपयोगों को सूचीबद्ध करें?

Ans.11 कम्प्यूटर आधुनिक बैंकिंग प्रणाली का एक अनिवार्य हिस्सा है एक बैंक की हर गतिविधि अब ऑनलाइन है ग्राहक का डेटा और लेनदेन कम्प्यूटर द्वारा रिकॉर्ड किया जाता है एक खाते से दूसरे खाते में धन हस्तांतरण एनईएफटी आरटीजीएस ऑनलाइन लेनदेन इंटरनेट का उपयोग करके किया जाता है ऑनलाइन प्लेटफॉर्म में पूंजी बाजार लेनदेन वित्तीय विश्लेषण और संबंधित सेवाएं उपलब्ध है

Que.12 आईटी का उपयोग करने वाले स्वास्थ्य सेवा के विभिन्न क्षेत्र कौन से है? ~~कौन~~ और कैसे?

Ans.12 आईसीटी का उपयोग स्वास्थ्य क्षेत्र में कई तरीको से किया जाता है अस्पताल प्रबंधन प्रणाली का उपयोग रोगियों के रिकॉर्ड को बनाए रखने और अस्पताल प्रशासन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के प्रबंधन के लिए किया जाता है कम्प्यूटरीकृत मशीनों का उपयोग ईसीजी ईईजी अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन के लिए किया जाता है।

(1) निदान में आईसीटी का उपयोग :- कम्प्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी में प्रगति के साथ विभिन्न उच्च तकनीक मशीनों का उपयोग गंभीर बीमारियों के निदान

और उपचार में किया जाता है विशेषज्ञ प्रणाली का उपयोग करके प्रारंभिक अवस्था में रोगों का निदान किया जा सकता है और रोगियों को तदनुसार उपचार दिया जा सकता है इनमे से कुछ मशीने है।

(ii) कम्प्यूटरीकृत अक्षीय टेमोग्राफी मशीन (CAT) :- इस मशीन के उपयोग से शरीर के विभिन्न की त्रि- आयामी (3D) इमेज को बनाया जा सकता है ये चित्र रोगो के निदान में साहयक होते है।

(iii) एमआरआई (चुबंकीय अनुनाद इमेजिंग मशीन) :- एमआरआई मशीनो का उपयोग मजबूत चुबंकीय क्षेत्रो magnetic fields और रेडीयो तरंग radio waves का उपयोग शरीर के आंतरिक अंगो कि डिजिटल छवि images लेने के लिए किया जाता है। डिजिटल इमेज का पता लगाने और रोगो के उपचार का निर्माण लेने में बहुत मददगार है।

(iv) इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (ईसीजी) मशीन :- दिल की धड़कन की निगरा के लिए ईसीजी मशीन का उपयोग किया जाता है। जब हृदय शरीर के विभिन्न भागो में रक्त पंप करता है तो कुछ विद्युत आवेग उत्पन्न होते है इस मशीन में विद्युत आवेगों electrical impulses को रिकॉर्ड किया जाता है और इसे ग्राफ के रूप में दिखाया जाता है।

(v) कार्डियक स्क्रीनिंग मशीन :- यह मशीन हृदय के शरीर विज्ञा को प्रदर्शित करती है और यह हृदय के अंदर की गतिविधियों को

प्रदर्शित करती है इस मशीन के माध्यम से हृदय की समस्याओं का निदान करना संभव है, जैसे कि रक्त की नसों का पतला होना और फिर उपचार की सलाह देना।

(vi) ईईजी (इलेक्ट्रो-एन्सेफैलोग्राफी) मशीन :- इस मशीन का उपयोग मस्तिष्क की गतिविधियों को रिकॉर्ड करने के लिए किया जाता है। सिर से जुड़े छोटे विद्युत प्रोब electrical probes मस्तिष्क के विद्युत आवेगों electrical impulses को ग्रहण करते हैं और यह मशीन उन्हें कम्प्यूटर स्क्रीन पर प्रदर्शित करती है यह उपकरण इन दोनों स्थितियों में डेटा को पुनः प्राप्त कर सकता है जहाँ एक रोगी जाग रहा है या सो रहा है।

(vii) ब्लड शुगर टेस्टिंग मशीन :- यह उपकरण रक्त के नमूने का विश्लेषण करता है और रक्त शर्करा के स्तर blood glucose level को निर्धारित करता है।

(viii) ब्लड प्रेशर मापने की मशीन :- यह उपकरण को कलाई को बैंड के रूप में पहना जाता है किसी एथलेट के रक्तचाप को आराम से बैठे रहने या जब वह किसी शारीरिक गतिविधि में शामिल होता है उस समय माप सकता है।

Que-13 भारत सरकार की किसी भी वेबसाइट की सूची बनाएं जो लोगों को आईटी संबंधी सेवाएं प्रदान करती है?

Ans-13 (i) Indianpost.gov.in
(ii) mponline.gov.in

(iii) vidal.gov.in
(iv) passportindia.gov.in
(v) ssc.nic.in
(vi) [illegible]

Date 07/03/2021

Day = Sunday

डेटा एंट्री और कीबोर्डिंग कौशल

Date
Page

Que.1 कम्प्यूटर कीबोर्ड पर उपलब्ध विभिन्न प्रकार की की (key) पर चर्चा करें ?

Ans.1 (i) अल्फान्यूमेरिक कुंजी :- कीबोर्ड पर सभी वर्णमाला (ए-जेड) और संख्या (0-9)।

(ii) विराम चिह्न कुंजियाँ :- विराम चिह्नों से संबंधित सभी कुंजियां जैसे विराम (,) सेमीकॉलन (;) ब्रैकेट्स ([]) और कौल्क (:) और इसी तरह साथ ही सभी गणितीय ऑपरेटर जैसे कि प्लस साइन (+) माइनस साइन (-) और बराबर साइन (=)।

(iii) ऑल्ट की (Alt key) :- वैकल्पिक के लिए लघु यह कुंजी दूसरी नियंत्रण कुंजी की तरह है।

(iv) एरो की (Arrow key) :- कर्सर (या सम्मिलन बिंदु) ऊपर (↑) नीचे (↓) दाए (→) या बाए (←) को स्थानांतरित करने के लिए चार एरो की (key) है एरो की (key) के संयोजन के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

(v) शिफ्ट या ऑल्ट की (Shift or Alt key) :- एक समय में कर्सर को एक से अधिक पोजीशन में ले जाना।

(vi) बैकस्पेस की (Backspace key) :- कर्सर के बाई ओर के कैरेक्टर (या सम्मिलन बिंदु) हटाता है और कर्सर को उस स्थिति में ले जाता है

(vii) कैप्स लॉक की (caps lock key) :- यह एक टॉगल की (key) है

जो सक्रिय होने पर सभी एल्फाबेटिक कैरेक्टर को अपरकेस बनाता है।

(viii) कंट्रोल की (Ctrl key) :- कंट्रोल की (key) का उपयोग नियंत्रण वर्ण बनाने के लिए अन्य कुंजियों के साथ संयोजन में किया जाता है। प्रत्येक नियंत्रण वर्ण का अर्थ इस बात पर निर्भर करता है कि कौन सा प्रोग्राम रन हो रहा है।

(ix) डिलीट की (Delete key) :- डेल की (key) वर्तमान कर्सर स्थिति या सिलेक्ट किए गए ऑब्जेक्ट पर कैरेक्टर को डिलीट करता है लेकिन कर्सर को स्थानांतरित नहीं करता है ग्राफिक्स आधारित एप्लीकेशन के लिए डिलीट की (key) प्रविष्टि बिंदु insertion Point के दाईं ओर के कैरेक्टर को हटा देती है।

(x) एंटर की या रिटर्न की (enter key or return key) :- इसका उपयोग कमांड एंटर या कर्सर को अगली पंक्ति की शुरुआत में ले जाने के लिए किया जाता है।

(xi) इस्केप की (Esc key) :- इस्केप की (key) का उपयोग डिवाइस को विशेष कोड भेजने और प्रोग्राम और कार्यों से बाहर निकलने (या इस्केप) के लिए किया जाता है।

(xii) फंक्शन की (function key) :- एफ 1 से एफ 12 तक विशेष कुंजी लेबल इन की (key) का अलग-अलग अर्थ है जिसके आधार पर कार्यक्रम चल रहा है।

Que·2 होम की (key) और गाइड की (key) के बीच अंतर करें?

Ans·2 होम की Home key:- अंतर ASDF बाए हाथ और (सेमी-कोलन) दाहिने हाथ के लिए (K) के लिए होम की (key) है अंगुलियों को अन्य की (key) के लिए सही मूवमेंट करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है और प्रत्येक अंगुली किसी अन्य रो में संबंधित की (key) को डिप्रेस करने के बाद तुरंत अपने संबंधित होम की (key) पर लौट आती है।

गाइड की (Guide keys) :- कम्प्यूटर कीबोर्ड पर F और J की (key) क्रमशः बाए और दाए हाथ के लिए गाइड की (key) कहलाती है दोनो में एक छोटे से उभरे हुए ठोस चिह्न होते है जिनकी मदद से टच टाइपिंग अंगुलियो को होम की (key) पर सही ढंग से रख सकता है चित्र 2·2 होम रो पर दोनो हाथो की अंगुलियो की स्थिति को दर्शाता है।

Que·3 गाइड की (key) से आप क्या समझते है? गाइड की (key) का नाम

Ans·3 कम्प्यूटर कीबोर्ड पर F और J की (key) क्रमशः बाए और दाए हाथ के लिए गाइड की (key) कहलाती है दोनो में एक छोटे से उभरे हुए ठोस चिह्न होते है जिनके मदद से टच टाइपिंग अंगुलियो को होम की (key) पर सही ढंग से रख सकता है चित्र 2·2 होम रो पर दोनो हाथो की अंगुलियो की स्थिति को दर्शाता है।

(4) कम्प्यूटर कीबोर्ड :- डॉक्यूमेंट तैयार करने की प्रक्रिया को डॉक्यूमेंटेशन कहा जाता है जिसमे दस्तावेज, पत्र, रिपोर्ट बिताये आदि

Date 08/03/2021

Sub - I.T

Day = Monday

हो सकते है इसलिए कम्प्यूटर मे हम कीबोर्ड का उपयोग करते है इसकी साहयता से हम आसानी से कोई भी दस्तावेज कम समय मे तैयार कर सकते है।

(ख) टाइपराइटर :- टाइपराइटर का उपयोग एक डॉक्यूमेंट को टाइप करने के लिए किया जाता है वर्ष 1974 में जैरोक्स कम्पनी ने एक इलैक्ट्रोनिक टाइपराइटर पेश किया था जिसकी साहयता से हम कोई भी परिवर्तन कर सकते थे इसमे छोटे आकार की स्क्रीन होती है जिससे इस की स्क्रीन में हम केवल एक या दो लाइने ही देख सकते है।

Que.4 टाइपिंग एर्गोनोमिक्स की भूमिका बताइए ?

Ans.4 टाइपिंग एर्गोनोमिक्स कुशल और प्रभावी टाइपराइटिंग के लिए लॉजिस्टिक साहयता प्रदान करता है वे सटीकता और गति प्राप्त करने और बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। इनमे शामिल कुछ कारक नीचे दिए गए है।

(i) बैठने की मुद्रा ।
(ii) हाथो की स्थिति ।
(iii) मॉनिटर का स्थान।
(iv) माउस और कीबोर्ड का स्थान।
(v) कुर्सी और टेबल का स्थान।

Que.5 आजकल विभिन्न टाइपिंग सॉफ्टवेयर का उपयोग आम क्यों है?

Ans.5 कई सॉफ्टवेयर उपलब्ध है जो निः शुल्क है और कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से टाइपिंग सीखने के अनुकूलित है।
रैपिड टाइपिंग ट्यूटर का परिचय :- रैपिड टाइपिंग ट्यूटर एक फ्री और

ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर (एफओएसएस) है जो कम्प्यूटर पर टाइपिंग कौशल सीखने के लिए बनाया गया है यह मुफ्त में उपयोग करने और दूसरो के साथ साझा करने के लिए स्वतंत्र है लेकिन केवल मूलवितरण पैकेज का उपयोग करे रैपिड टाइपिंग टयूटर के साथ शामिल टाइपिंग गेम के साथ सीखना मजेदार है।

Que.6 कम्प्यूटर कीबोर्ड के बॉटम रो की (key) अंगुलियो के आवंटन का उल्लेख करे ?

Ans.6 कम्प्यूटर कीबोर्ड के बॉटम रो की अंगुलियो के आवंटन इस प्रकार है:-

(key) Z, X, C, V, B, N, M कोमा फुल स्टॉप और ? चिन्ह इस रो पर स्थित है।

Good
08/03/24

Date 10/03/2021

Sub = I.T

Day = Wednesday

इकाई - 3

डिजिटल डॉक्यूमेंट

Que.1 मैल मर्ज के लिए कौन से दो डॉक्यूमेंट आवश्यक है?

Ans.1 मैल मर्ज के लिए मुख्य रूप से दो आवश्यक डॉक्यूमेंट इस प्रकार है

(i) मुख्य दस्तावेज
(ii) डेटा स्त्रोत
(iii) मर्ज दस्तावेज

Que.2 वर्ड प्रोसेसिंग की अवधारणा को समझाइए ?

Ans.2 वर्ड प्रोसेसिंग शब्द का आविष्कार आईबीएम ने 1960 के दशक के अंत में किया था वर्ड प्रोसेसिंग कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर का उपयोग डॉक्यूमेंट को एंटर करने, एडिट करने, फॉर्मेट करने, स्टोर करने, पुनः प्राप्त करने और प्रिंट करने के लिए होता है डॉक्यूमेंट एक पत्र, नोटिस, रिपोर्ट व्यवसायिक पत्राचार आदि हो सकता है। वर्ड प्रोसेसर एक कम्प्यूटर एप्लीकेशन है जिसका उपयोग प्रिंट करने योग्य सामग्री के उत्पादन के लिए किया जाता है शुरुआत में वर्डस्टार सबसे व्यापक रूप से प्रयुक्त वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर था।

Que.3 वर्ड प्रोसेसिंग के लिए उपलब्ध विभिन्न सॉफ्टवेयर को सूचीबद्ध करे ?

Ans.3 वेब - आधारित वर्ड प्रोसेसर :-

(i) गूगल डॉक्यूमेंट
(ii) ऑफिस वर्ड 365
(iii) माइक्रोसॉफ्ट वनड्राइव वर्ड
(iv) वर्ड पैड

(v) नोट पैड।

Que 4 टेक्सट एडिटर और वर्ड प्रोसेसर सॉफ्टवेयर के बीच अंतर लिखें। बाजार में उपलब्ध किसी भी टेक्सट एडिटर या वर्ड प्रोसेसर के नाम लिखे ?

Ans 4

	वर्ड प्रोसेसर	टेक्सट एडिटर
(i)	यह डॉक्युमेंट को एडिट करना सेव करना पुनः प्राप्त करना और प्रिंट करना आदि सभी कार्य कर सकता है।	(i) इसका उपयोग टेक्सट लिखने और उसको एडिट करने में किया जाता है।
(ii)	यह सभी प्रकार के फाइल को एडिट कर सकता है।	(ii) यह केवल प्लेन टेक्सट फाइल को ही एडिट कर सकता है।
(iii)	इसमें हम टेम्प्लेट, थीम आदि डाल सकते है।	(iii) इसमें हम टेम्प्लेट, थीम आदि नही डाल सकते है।
(iv)	इसमें हम टेक्सट में कलर लाइन स्पेसिंग स्पेशल चिन्ह आदि डाल सकते है।	(iv) इसमें हम टेक्सट में कलर लाइन स्पेसिंग स्पेशल चिन्ह आदि नही डाल सकते है।
(v)	कुछ वर्ड प्रोसेसर जैसे वर्ड पैड, नोट पैड, माइक्रो सॉफ्ट।	(v) इसमें जाता PHP, HTML स्क्रिप्ट आदि भाषा होती है।

Sub = I.T

Day = Friday

Date 05/03/2021

Page

Que.5 लिबरे ऑफिस सूट के विभिन्न घटकों की सूची बनाएं। प्रत्येक घटक को एक लाइन में समझाइए।

Ans.5 लिबरे ऑफिस के घटक इस प्रकार है:-

(i) लिबरे ऑफिस राइटर :- यह माइक्रो सॉफ्ट वर्ड के समान कार्य करता है इसका उपयोग डॉक्यूमेंट को क्रिएट करने मॉडीफाई करने के लिए किया जाता है।

(ii) लिबरे ऑफिस calc :- यह माइक्रो सॉफ्ट एक्सेल की तरह कार्य करता है।

(iii) लिबरे ऑफिस Impress :- यह माइक्रो सॉफ्ट Power Point के समान कार्य करता है।

Que.6 मैनुअल टाइपराइटर, इलेक्ट्रोनिक टाइपराइटर और वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर की सुविधाओं की तुलना करे।

Ans.6 (i) मैनुअल टाइपराइटर :- इसका उपयोग डॉक्यूमेंट को टाइप करने के लिए किया जाता है इसमें डॉक्यूमेंट को टाइप करने में अधिक समय लगता है और गलती को भी सुधार करने में भी समस्या आती है।

(ii) इलेक्ट्रोनिक टाइपराइटर :- इलेक्ट्रोनिक टाइपराइटर में हम डॉक्यूमेंट को टाइप करने के साथ उसमें परिवर्तन भी कर सकते है इसमें छोटे आकार की स्क्रीन होती है जिससे टाइप करते समय हमें एक या दो लाइने ही दिखाई देती है।

Que.6 किसी डॉक्यूमेंट को डिस्प्ले करने के लिए अलग-अलग व्यू बताएं ?

30.7 किसी डॉक्यूमेंट को डिस्प्ले करने के लिए व्यू इस प्रकार है:-

(i) प्रिंट लेआउट व्यू ।
(ii) वेब लेआउट व्यू ।
(iii) आउट लाइन व्यू ।
(iv) ड्राफ्ट व्यू ।

Que.8 किसी डॉक्यूमेंट में टेक्सट का चयन करने के विभिन्न तरीके क्या है? किसी पैराग्राफ को सिलेक्ट करने के चरण बताए ?

30.8 लेखक में टेक्सट सिलेक्ट करने के लिए टेक्सट पर माउस कर्सर को स्वाइप करे नीचे चयन प्रक्रिया को तेज करने के लिए कई सिलेक्शन प्रोसेस है।

(i) एक समय में एक शब्द का सिलेक्ट करें:- माउस पॉइंटर को उस शब्द पर कहीं भी रखे और डबल क्लिक करे।

(ii) एक बार में पूरा वाक्य सिलेक्ट करें :- माउस पॉइंटर को वाक्य में कहीं भी रखे और ट्रिपल क्लिक करें।

(iii) एक समय में एक पूर्ण पैराग्राफ सिलेक्ट करें :- माउस पॉइंटर को पैराग्राफ में कहीं भी रखे और चार बार क्लिक करे।

(iv) डॉक्यूमेंट :- की बोर्ड पर कंट्रोल + e दबाए। माउस पॉइंटर को तब तक खींचे जब तक आप को एक सही एरो दिखाई न दे जो सफेद है फिर इसे तीन बार क्लिक करें।

Que.9 स्पेशल कैरेक्टर क्या है? आप उन्हे किसी डॉक्यूमेंट मे कैसे इंसर्ट कर सकते है?

Q.10 (i) स्पेशल कैरेक्टर इंसर्ट करना :- कभी-कभी हमें स्पेशल कैरेक्टर जैसे कि ॥ में प्रवेश करने की आवश्यकता हो सकती है या जिसे कीबोर्ड का उपयोग करके टाइप नहीं किया जा सकता है। लिब्रे ऑफिस राइटर स्पेशल कैरेक्टर की संख्या दर्ज करने की सुविधा प्रदान करता है। ऐसा करने के लिए इंसर्ट → स्पेशल कैरेक्टर।

Ques.11 राइटर जीयूआई के विभिन्न मेनू क्या है।

Q.11 राइटर विंडो के कुछ भाग :-

(i) टाइटल बार :- यह वर्तमान में खोले गए डॉक्यूमेंट की शीर्षिक दिखाता है। डॉक्यूमेंट के नाम का अर्थ है डिस्क पर सहेजे गए डॉक्यूमेंट का फाइल नाम।

(ii) मेनू बार :- यह टाइटल बार के नीचे दिखाई देता है। यह मेनू आइटम फाइल एडिट व्यू इंसर्ट, फॉर्मेट, टेबल्स, टूल्स विंडो और हेल्प दिखाता है मेनू आइटम का चयन करने पर इसका सबमेनू मेनू आइटम के नीचे खुल जाएगा हम आवश्यकता के अनुसार सबमेनू में किसी भी आइटम का चयन कर सकते है।

(iii) टूलबार :- टूल बार मेनू बार के नीचे दिखाई देता है। डिफॉल्ट रूप से मानक टूल बार और फॉर्मेटिंग टूलबार दिखाई देगा अन्य टूलबार को व्यू मेनू पर क्लिक करके और सबमेनू के टूलबार का चयन करके सक्रिय किया जा सकता है।

(iv) स्टैंडर्ड टूलबार :- इसमें आइकन के रूप में कमांड होते है।

(v) फॉर्मेटिंग टूलबार :- इसमें किसी डॉक्यूमेंट को प्रारूपित करने के विभिन्न विकल्प होते है। आदेशो का एक ग्राफिकल प्रतिनिधित्व आइकॉन के रूप में दिखाया गया है।

(vi) स्टेटस बार :- यह राइटर विंडो के बाई ओर स्थित है और पेज, शब्द उपयोग की गई भाषा जुमिंग आदि की संख्या डिस्प्ले करता है। यह डायलॉग के निचले भाग में स्थित है।

(vii) स्क्रॉल बटन और स्क्रॉल बार :- इसका उपयोग डॉक्यूमेंट को स्क्रॉल करने के लिए किया जाता है।

(viii) जूम :- यह केवल देखने के लिए डॉक्यूमेंट में टेक्सट और चित्रो के फॉन्ट को बदलने की सुविधा देता है। यह भौतिक डॉक्यूमेंट को प्रभावित नहीं करता है इसका उपयोग डॉक्यूमेंट की परिष्करण गुणवत्ता की जांच करने के लिए किया जाता है।

Que·12 डॉक्यूमेंट में पासवर्ड का महत्व क्या है? आप राइटर में पासवर्ड का उपयोग करके डॉक्यूमेंट की सुरक्षा कैसे करेंगे

30·12 जब हम कोई भी डॉक्यूमेंट तैयार करते है तो उस डॉक्यूमेंट को अन्य किसी दूसरे व्यक्ति की से गोपनीय रखने के लिए हम पासवर्ड का उपयोग करते है जिससे हमारे उपयोगी डॉक्यूमेंट में कोई भी व्यक्ति बदलाव या उसका उपयोग नही कर सकते है पासवर्ड का उपयोग कर एक डॉक्यूमेंट को सेव करने के लिए चरण इस प्रकार है।

(i) फाइल → सेव (File → Save) सिलेक्ट करें।

(ii) फाइल को सेव करने के लिए डिस्क पर स्थान का चयन करें।
(iii) डॉक्यूमेंट के लिए एक उपयुक्त नाम टाइप करें।
(iv) सेव (Save) बटन पर क्लिक करें।
(v) पासवर्ड के साथ डॉक्यूमेंट को सेव करने के लिए, पासवर्ड के साथ सेव चेकबॉक्स पर एक टिक लगाएं।

Que·13 मेलमर्ज क्या है? शादी के कार्ड पर पेस्ट के लिए मेलिंग लेबल बनाने के चरणों को लिखें?

30·13 मेल मर्ज वर्ड प्रोसेसर की एक बहुत ही महत्वपूर्ण विशेषता है। इसका उपयोग कई पते वाले समान डॉक्यूमेंट की एक श्रृंखला बनाने के लिए किया जाता है मेल मर्ज विभिन्न व्यक्तियों के मेलिंग पते के साथ मुख्य डॉक्यूमेंट (पत्र या प्रमाण पत्र) के विलय की प्रक्रिया है। मुख्य डॉक्यूमेंट मेलिंग पते के साथ मिलाया जाता है इसलिए इसका नाम मेल मर्ज होता है इसका उपयोग निमंत्रण पत्र भेजने या कई लोगों के लिए प्रमाण पत्र प्रिंट करने के लिए किया जाता है।

Que·14 टेबल के क्या फायदे है? टेबल फॉर्मेट में कक्षा 8 का अपना रिपोर्ट कार्य तैयार करें?

30·14 एक डॉक्यूमेंट में जब किसी डेटा को सारणी वद्ध रूप में दर्शाया जाता है तब हम एक समान डेटा एकत्र करते है और इसे हम एक शीर्षक के अन्तर्गत रखते है इसी सारणी के रूप में डेटा का प्रतिनिधित्व टेबल का फॉर्मेट कहलाता है। एक टेबल में कई Row और कई Column होते है इसका उपयोग हम स्कूल का टाइमटेबल, मार्कसीट, छात्रों का डेटा आदि बनाने में करते है।